अध्यापन में झाँकता भविष्य

क्या आपको पता है संसार का पहला अध्यापक कौन था?

ज़रा सोचिए| नहीं पता चला?

माँ ही संसार की सबसे पहली अध्यापक थी| यदि हम कहें कि आज भी है और कल भी होगी तो यह अतिशयोक्ति नहीं होगी| शायद इसी का परिणाम है कि निचली श्रेणी की कक्षाओं के लिए महिला अध्यापकों को प्राथमिकता दी जाती है|

जितना ऊँचा दर्जा समाज में माँ का है उतना ही अध्यापक का भी है|

संसार में सबसे ज़्यादा माँग एवम् सम्मानवाला करियर अध्यापन ही है|

किसी राष्ट्र एवम् समाज को आगे बढ़ाने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका अध्यापक की होती है क्योंकि किसी सीमा तक वह बच्चों के भविष्य एवम् जीवन मूल्यों के निर्माण में अहम् भूमिका निभाता है|

अध्यापन क्षेत्र मे आने के लिए आवश्यक है, -

- पढ़ाने में रूचि होना
- अभिव्यक्ति की क्षमता
- बच्चों के व्यक्तित्व को समझना
- धैर्यशीलता
- रचनात्मकता
- गैरआलोचनात्मक
- आत्मसंयम एवम् क्रोध पर नियंत्रण
- विभिन्न परिस्थितियों में शांत रहना
- अपना ज्ञान बढ़ाने एवम रूचिकर शिक्षण सामग्री तैयार करने में रूचि होना

<u>अध्यापन के विभिन्न सोपान -</u>

E.C.C.E./N.T.T. - (अर्ली चाइल्ड हुड केयर ऐंड एजुकेशन/ नर्सरी टीचर ट्रेनिंग) - K.G./Nursery कक्षाओं के लिए|

D.El.Ed. /E.T.E. - (डिप्लोमा इन एलिमेंटरी एजुकेशन / एलिमेंटरी टीचर एजुकेशन) – पहली से पाँचवीं तक की कक्षाओं के लिए|

T.G.T. - (ट्रेंड ग्रैजुएट टीचर) – छठी से दसवीं तक की कक्षाओं के लिए| स्नातक स्तर की डिग्री के साथ B.Ed. की डिग्री आवश्यक है|

P.G.T. - (पोस्ट ग्रैजुएट टीचर) – ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षाओं के लिए| विषय विशेष में स्नातकोत्तर स्तर की डिग्री के साथ B.Ed. की डिग्री आवश्यक है|

Special Educator - (स्पेशल एजुकेटर) – विकलांग बच्चों के अध्यापक|

Lecturer - (लेक्चरर) – स्नातक एवम स्नातकोत्तर स्तर के लिए| स्नातकोत्तर स्तर की डिग्री के साथ नैशनल ऐलिजिबिलिटी टेस्ट (N.E.T.) की परीक्षा उत्तीर्ण करना आवश्यक है|

प्रवेश स्तर

क्रम संख्या	पाठ्यक्रम	अवधि	प्रवेशकाआधार	इन्स्टिट्यूट/ यूनिवर्सिटी	वेबसाइट
१	E.C.C.E./N.T.T. (अर्ली चाइल्डहुड केयर ऐंड एजुकेशन/ नर्सरी टीचर ट्रेनिंग)	२साल	१० + २के अंकों के आधार पर	SCERT से सम्बद्ध २८ प्राइवेट इन्स्टिट्यूट	www.scertdelhiadmission.org
२	Dip.in E.T.E.* (डिप्लोमा इन एलिमेंटरी टीचर एजुकेशन)*	२साल	१० + २के अंकों के आधार पर	९ सरकारी D.I.E.T. +SCERT से सम्बद्ध २३प्राइवेट इन्स्टिट्यूट	www.scertdelhiadmission.org
३	B.El.Ed. बैचलर इन एलिमेंटरी एजुकेशन	४साल	प्रवेश परीक्षा + १०+२में कम से कम ५०% अंक	दिल्ली विश्वविद्यालय	www.du.ac.in
४	Diploma in Special Education (डिप्लोमा इन स्पेशल एजुकेशन)	२साल	प्रवेश परीक्षा + १०+२ में कम से कम ५०% अंक	जामिया मिलिया इस्लामिया / इगनू / रीहैबिलिटेशन कॉउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा स्वीकृत संस्थान	www.jmi.ac.in, www.ignou.ac.in, www.rehabcouncil.nic.in
५	Dip.in E.T.E.* (डिप्लोमा इन एलिमेंटरी टीचर एजुकेशन)*	२साल	प्रवेश परीक्षा + 10 + 2 में कम से कम ५०% अंक	जामिया मिलिया इस्लामिया	www.jmi.ac.in,

*नोट – विभिन्न राज्यों में मान्यता प्राप्त इन्स्टिट्यूट इन्ही पाठ्यक्रमों को अन्य नाम से भी चला रहे हैं जैसे - J.B.T./B.T.C.